ट्रेंडिंग

लॉकडाउन की वजह से चली गई प्रोजेक्ट मैनेजर की नौकरी, टेंशन में किया सुसाइड

By **Raghuvar jha** - April 21, 2020

सांकेतिक तस्वीर

लाइव सिटीज, पटना/अमित जायसवाल : कोरोना वायरस की वजह से देश भर में जारी लॉकडाउन को अब एक महीना होने जा रहा है. सरकार ने लॉकडाउन लोगों की सेफ्टी के लिए लागू किया था. लेकिन अब इसका साइडइफेक्ट सामने आने लगा है. लॉकडाउन की वजह से एक व्यक्ति की प्रोजेक्ट मैनेजर की नौकरी चली गई. सैलरी न मिलने की वजह से घर-परिवार का खर्च चलाना मुश्किल होने लगा. इस वजह से वो व्यक्ति टेंशन में रहने लगा. अचानक उसने खुद के लाइफ को खत्म करने की ठानी और फिर अपनी प्लानिंग को अंजाम दे दिया. नौकरी चले जाने की वजह से सुसाइड का यह मामला पटना के जगदेव पथ इलाके का है. जिस शख्स ने यह खौफनाक कदम उठाया, उसका नाम धनंजय कुमार है.

दरअसल, यह पूरा मामला सोमवार का है. लेकिन मंगलवार को यह सामने आया. धनंजय की पत्नी खुशी दत्ता ने पीएमसीएच टीओपी प्रभारी अमित कुमार के सामने अपना फर्द बयान दर्ज कराया है. खुशी के दिए बयान के अनुसार धनंजय पहले गुड़गांव में एक टेलीकॉम कंपनी में प्रोजेक्ट मैनेजर था. बाद में उस नौकरी को छोड़कर वो पटना आ गया और फ्यूचर नेट वींग नाम की एक प्राइवेट कंपनी का प्रोजेक्ट मैनेजर बन गया.





सब कुछ ठीक चल रहा था. लेकिन कोरोना वायरस को लेकर सरकार की तरफ से जारी किए गए लॉकडाउन ने धनंजय की नौकरी छीन ली. जगदेवपथ के जानकी किशोर अपार्टमेंट के एक फ्लैट में पूरा परिवार रह रहा है. खुशी के अनुसार नौकरी चले जाने की वजह से धनंजय बहुत परेशान रहने लगा था. सोमवार की दोपहर करीब 1:30 बजे वो बाथरूम गया. काफी देर होने पर जब वो वापस नहीं आए तो खुशी और उसके सास व ससुर ने आवाज लगाना शुरू किया. लेकिन अंदर से कोई रिस्पांस नहीं मिला. फिर अपार्टमेंट के गार्ड को बुलाया गया. सभी ने मिलकर बाथरूम के गेट को तोड़ दिया.



बाथरूम के अंदर का नजारा देख सबके होश उड़ गए. वेंटिलेटर में गमछे से बने फांसी के फंदे से 35 साल का धनंजय लटका हुआ था. उस वक्त उसकी सांसे चल रही थी. परिवार के लोग सबसे पहले उसे इलाज के लिए आईजीआईएमएस लेकर गए. हालत गंभीर होने की वजह से वहां से पीएमसीएच रेफर कर दिया गया. जहां इलाज के दौरान शाम में धनंजय की मौत हो गई. धनंजय के इस कदम ने परिवार के साथ-साथ उसे जानने वाले हर किसी को सदमे में डाल दिया है.

Previous article

अपमानित हुए पुलिसकर्मी पर भड़कीं राबड़ी देवी, बोली- अधिकारियों को माफ़ी मांगनी चाहिए

Next article

गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोगों को दस हजार रूपये दे सरकार : पप्पू यादव

Raghuvar jha

f

RELATED ARTICLES | MORE FROM AUTHOR

ट्रेंडिंग

सरकार का आदेश ना मानना 5 निजी अस्पतालों को पड़ सकता है भारी,डीएम कुमार रवि ने 24 घंटे के अंदर मांगा जवाब

ट्रेंडिंग

बरबीघा में टिकट के पहले ही आग लग गई है एनडीए में, आग रोज सुलगाई जा रही है

ट्रेंडिंग

राजधानी में भारी बारिश, मौसम विभाग ने पटना समेत कई जिलों को किया अलर्ट

LIVE CITIES NEWS

LATEST NEWS

TERM PAPER WRITING SERVICES – THE WAY YOU MUST USE THEM

July 25, 2020

FINDING INFORMATION ABOUT TERM PAPERS FOR SALE

July 24, 2020

सरकार का आदेश ना मानना 5 निजी अस्पतालों को पड़ सकता...

July 24, 2020

बरबीघा में टिकट के पहले ही आग लग गई है एनडीए...

July 24, 2020

EDITOR PICKS

TERM PAPER WRITING SERVICES – THE WAY YOU MUST USE THEM

July 25, 2020

FINDING INFORMATION ABOUT TERM PAPERS FOR SALE

July 24, 2020

सरकार का आदेश ना मानना 5 निजी अस्पतालों को पड़ सकता...

July 24, 2020

ARCHIVES

Select Month

POPULAR POSTS

बिहार के बेटे ने एसएससी की परीक्षा में लहराया परचम, देशभर...

December 22, 2019

बिहार: भाजपा विधायक का फायरिंग करते वीडियो वायरल

December 16, 2019

कोहरे के कारण थमी ट्रेनों की रफ़्तार, पटना से गुजरने वाली...

December 24, 2019

POPULAR CATEGORY

ट्रेंडिंग	25785
BIHAR	25767
आपका प्रदेश	17693
राजकाज	8165
BIG NEWS	6897
NATIONAL	6513
CAFETERIA	3936
एंटरटेनमेंट	2055

ABOUT US

लाइव सिटीज भारत में हिंदी की सबसे बड़ी न्यूज़ वेबसाइट्स में से एक है. कृपया हमारे पेज को लाइक , ब्रेकिंग न्यूज़ और ताज़ातरीन वीडियो देखने के लिए फ़ॉलो करें.

Contact us: info@livecities.in

FOLLOW US

ABOUT US T & C COOKIE POLICY ADVERTISE WITH US CONTACT LIVE CITIES

© LiveCities